### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कृत किया

# यूपी में वाटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं

**संबोधन**

**गोरखपुर, हिन्दुस्तान टीम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में वाटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में गंगा, यमुना, सरयू, गंडक और राप्ती नदियों में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश में बलिया, कुशीनगर, प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, कानपुर जैसे शहरों को जल क्रीड़ा (वाटर स्पोर्ट्स) की गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनाया जा सकता है।

इन गतिविधियों के लिए आज प्रदेश में आधुनिक ईको सिस्टम की उपलब्धता है। स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विकसित हुए बेहतरीन ईको सिस्टम का ही परिणाम गोरखपुर झील (रामगढ़ताल) भी है। 2017 के पहले जो रामगढ़ताल गंदगी और अपराध का गढ़ था, वहां आज रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के साथ एशियाड की तैयारी के लिए राष्ट्रीय महिला टीम की प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन संभव हुआ है।

योगी, गुरुवार को रामगढ़ताल में रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया की तरफ से आयोजित 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल वाटर स्पोर्ट्स के हब के रूप में अपनी एक नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व मानचित्र पर कड़ी रोइंग शक्ति के रूप में उभरा है। स्पोर्ट्स साइंस, डेटा एनालिटिक्स एवं आधुनिक प्रशिक्षण और फिटनेस, वर्ल्ड चैम्पियनशिप की आवश्यकता है। यह सभी कुछ देश में होने वाली प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आने वाले समय में रामगढ़ताल में रोइंग, कैनोइंग एवं अन्य जल क्रीड़ा से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि कहा कि वर्ष 2030 कामनवेल्थ गेम्स भारत में होगा। उसमें महिला टीम के प्रशिक्षण हेतु रामगढ़ताल को चुना गया है। प्रशासन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। आवश्यक सुविधाओं के साथ अच्छे कोच तथा एक्सपर्ट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय ताकि सुगमतापूर्वक प्रशिक्षण संचालित हो सके।

गोरखपुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 46वीं जूनियर रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### हर गांव में विकसित हो रहे खेल के मैदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले खेल सुविधाओं का नितांत अभाव था, वहां आज हर गांव में खेल के मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। गांव-गांव में विभिन्न प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलकूद की गतिविधियों के प्रति लोगों के मन में एक नया रुझान पैदा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे देश में खेलों इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विधायक खेलकूद प्रतियोगिता तथा ग्रामीण लीग प्रतियोगिता के माध्यम से खेल गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ी है। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। गोरखपुर में भी विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

### पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती से नौकरी

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में कोई खेल नीति नहीं थी। उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खेल नीति विकसित की। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं को नौकरी की गारंटी दी। उन्होंने बताया कि ओलंपिक, एशियाड, कामनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप आदि में पदक विजेता 534 खिलाड़ियों की पुलिस, राजस्व और अन्य विभागों में सीधी भर्ती की गई है। 500 और खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के जरिये नौकरी देने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

### योगी ने बढ़ाया रोइंग खिलाड़ियों का उत्साह

मुख्यमंत्री ने जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के दो फाइनल मुकाबलों (दो किमी बालिका डबल स्कल और दो किमी बालक क्वाड्रपल स्कल) का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने ताली बजाकर खिलाड़ियों के जुनून की सराहना की।

### सहायक प्रोफेसर भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राजकीय डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1253 पदों पर भर्ती के लिए 31 मई को 9:30 से 11:30 बजे तक प्रस्तावित प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र गुरुवार को जारी कर दिए। कुल 28 विषयों की भर्ती के लिए कुल 1,14,955 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आयोग की ओर से प्रदेश के 10 जिलों प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, जौनपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद एवं वाराणसी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### यूपीएचजेएस परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश हायर ज्यूडिशियल सर्विस (यूपीएचजएस)-2023 की मुख्य लिखित परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा सीधी भर्ती और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा दोनों श्रेणियों के लिए आयोजित की जा रही है। रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह श्योराण की अधिसूचना के अनुसार मुख्य परीक्षा का आयोजन अगस्त (शनिवार) और दो अगस्त (रविवार) को दो पालियों में किया जाएगा।

## प्रदेश 30s

### मेले में प्रेमिका ने प्रेमी का गला घोंटा

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के हाटा नगर में पूर्व विधायक की खाली पड़ी जमीन पर लगे मेले में बुधवार आधी रात के बाद गाजियाबाद की एक युवती ने दूधेड़ से गला घोटकर प्रेमी की हत्या कर दी। गुरुवार सुबह को इसकी जानकारी होने पर सनसनी फैल गई। पुलिस युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रेमी ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। मामूली कहासुनी के बाद दोनों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

### ट्रेन की छत पर लेटा युवक, सवा घंटे विलंबित हुई

**कानपुर।** एक मानसिक बीमार युवक गुरुवार को वाराणसी से इंदौर जा रही महाकाल एक्सप्रेस के इंजन से सटे तीसरे कूपे की छत पर कोच के सहारे चढ़ गया। इसके बाद आराम से लेट गया। गंगा ब्रिज पर आसपास खड़े लोगों की निगाह पड़ी तो हो-हल्ला मच गया। कंट्रोल के जरिये आरपीएफ को सूचना दी गई। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी एसएन पाटीदार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन सप्लाई बंद कराई।

### फौजी की मृत्यु छिपा 10 माह पोते ने पेंशन हड़पी

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम में एक पोते द्वारा अपने फौजी दादा की मृत्यु को छिपाकर करीब 10 माह तक पेंशन निकालकर डकारने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विभाग और बैंक को बिना सूचना दिए वह अपने मृत दादा के खाते से हर माह पेंशन की रकम निकालता रहा। मामला तब उजागर हुआ, जब पेंशन की राशि को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। मामले में मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई है।

### ममेरे भाई संग जेवर लेकर भागी, पिता की मौत

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाले बेटी के एक कदम ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया। वह अपने ही ममेरे भाई के साथ घर की दहलीज लांघकर 25 लाख रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गई। बेटी की इस करतूत को एक मजबूर पिता बर्दाश्त नहीं कर सका और जहरीली पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। गुरुवार को अस्पताल में इलाज के दौरान पिता की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### दबंग ने युवक पर पेशाब की, विरोध पर पीटा

**हमीरपुर।** भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। परचून दुकानदार का आरोप है कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने सोते समय उसके मुंह में पेशाब मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### खेल कॉलेज के लिए ट्रायल में गर्मी से बच्चे बेहोश

**वाराणसी।** प्रदेश के तीन स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए गुरुवार को सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के लिए मंडल स्तरीय ट्रायल हुआ। इस दौरान दोपहर में भीषण गर्मी के बीच चार बच्चे गश खाकर गिर पड़े। उनके परिजनों ने उन्हें संभाला। गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर, मेजर ध्यान चन्द स्पोर्टस कालेज सैफई में

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड करने में दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** साइबर थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कम उम्र के बच्चों की अश्लील और पोर्नोग्राफिक वीडियो अपलोड करने के आरोप में दो युवकों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई महिला एवं बाल यौन शोषण से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। आरोपियों की दुद्धी और ओबरा क्षेत्र से पकड़ा गया।

### प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच फंसकर महिला की मौत

**बिजनौर।** नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर बुधवार को दर्दनाक हादसा देख लोग सिहर उठे। सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय जल्दबाजी में एक महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रेन-प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। रेलवे पुलिस और स्टेशन स्टाफ ने काफी मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकाला लेकिन अस्पताल लाए जाने पर घायल महिला ने दम तोड़ दिया। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला का पैर फिसल गया था।

## डीआईजी दफ्तर के सामने जाम मामले में इकरा हसन पर केस

**सहारनपुर।** शामली के जसाला गांव में हुए मोनू हत्याकांड के लेकर डीआईजी कार्यालय पर हंगामे और सड़क जाम करने के मामले में केरना सांसद इकरा हसन के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में सदर बाजार थाने में 19 मई को सांसद समेत कई सपा नेताओं और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में सांसद का भी नाम होने पर सियासी माहौल गरमा गया है।

एफआईआर के मुताबिक 19 मई को दोपहर डीआईजी कार्यालय के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ केरना सांसद इकरा हसन भी अपने समर्थकों के साथ मौजूद थीं। पुलिस का आरोप है कि सांसद के साथ पूर्व मंत्री मंगेराम कश्यप, तेजपाल सिंह, अजय, अनुज, शीशपाल, सत्यपाल सिंह समेत अन्य लोग सड़क पर जाम लगाकर हंगामा कर रहे थे।

## मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्स की अपहरण कर हत्या

- सुफियान नाम का युवक बना रहा था धर्मांतरण व शादी करने का दबाव
- आरोपी ने परिजनों संग की वारदात, लाश मेडिकल गेट पर फेंकी

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्स की फंदे से गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को पूर्व सहकर्मी सुफियान ने लोहियानगर के आवास पर अंजाम दिया और फरार हो गया। आरोपी लगातार नर्स पर धर्मांतरण और शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। लाश को सुफियान की बहन ने मेडिकल कॉलेज में फेंका और फरार हो गई। पुलिस की दो टीमों को कार्रवाई के लिए लगाया गया, जिसके बाद हत्यारोपी की बहन को गिरफ्तार किया गया है। देर रात हत्यारोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

जागृति विहार निवासी अंजली शर्मा मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्स थी। पूर्व में इनके साथ सुफियान निवासी खुशहालनगर लिसाड़ी गेट काम करता था। सुफियान लगातार अंजली को परेशान कर रहा था और शादी कर धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहा था। हालांकि अंजली ने साफ कह दिया था कि वह शादीशुदा है। अंजली गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर से मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के लिए निकली थी। इसी दौरान सुफियान ने अंजली का अपहरण कर लिया और उसे लोहियानगर एल-ब्लॉक वाले अपने मकान पर ले गया। यहां अंजली पर दोबारा दबाव बनाया और मना करने पर किसी रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। सुफियान ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए अपनी बहन साजिदा को बुलाया। एक ई-रिक्शा में अंजली की लाश को डालकर साजिदा मेडिकल कॉलेज पहुंच गई। ई-रिक्शा वाले को बताया कि अंजली की तबीयत खराब है और अस्पताल लेकर जाना है।

## चौराहे पर खड़ी कार में अकाउंटेंट की दम घुटने से गई जान

**मेरठ।** भीषण गर्मी के बीच आवास विकास चौराहे के पास खड़ी कार बुधवार को एक व्यक्ति के लिए मौत का सबक बन गई। घंटों तक बंद कार में पड़े रहने से अकाउंटेंट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना का पता उस समय चला जब देर शाम परिजन तलाश करते हुए मौके पर पहुंचे और कार की पिछली सीट पर उन्हें बेसुध पड़ा देखा। बेटे ने शीशा तोड़कर पिता को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान शास्त्रीनगर एफ-ब्लॉक निवासी हिमांशु कौशिक (45) के रूप में हुई है। वह निजी संस्था में अकाउंटेंट थे और परिवार में पत्नी भारती व दो बेटों के साथ रहते थे। परिजनों के मुताबिक हिमांशु बुधवार सुबह करीब 11 बजे कार लेकर घर से निकले थे। इसके बाद उनका मोबाइल भी लगातार बंद आ रहा था।

## बहराइच में तेंदुए से भिड़ी मां बच्चे को बचाया, तीन घायल

**हौसले को सलाम**

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज जंगल से सटे तेलियनपुरवा गांव में गुरूवार की सुबह तेंदुए ने बालक पर हमला कर दिया। उसे बचाने के लो में तेंदुए से भिड़ गई। मां ने बालक को छुड़ा लिया लेकिन वह गम्भीर जख्मी हो गई। हमले में मां बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए।

घायलों को मोतीपुर सीएचसी से इलाज कर मोतीपुर सीएचसी से डिस्चार्ज कर दिया गया है। ग्रामीणों ने घायलों का हाल लेने वन महकमे की टीम के न पहुंचने पर गहरी नाराजगी जताई है। डीएफओ कतर्नियां रेंज रवाना हुए हैं। सुजौली थाने के कतर्नियाघाट रेंज स्थित बरखड़िया के मजरे तेलियनपुरवा गांव निवासी मीना पत्नी हीरालाल (32) अपने पांच वर्षीय पुत्र मोहित के साथ गुरूवार सुबह घर से खेत की ओर जा रही थी। तभी गन्ने के खेत से निकलकर तेंदुआ मोहित पर हमला कर दिया। मीना तेंदुआ से भीड़ गई और 10 मिनट तक संघर्ष कर मोहित को तेंदुए से बचा लिया। तेंदुआ मीना और मोहित पर हमला करने के बाद पास में मौजूद उमेश (26) पुत्र बिंद्रा पर हमला कर दिया। हमले में उमेश के सिर और गर्दन पर गहरे घाव हो गए हैं।

### इटावा में तेंदुए से लड़ कर बकरी बचा लाया विनोद

**इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहादुरपुर के मजरा नगला श्रीराम में बुधवार रात एक ग्रामीण अपनी बकरी को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गया। करीब 10 मिनट तक चले इस संघर्ष में ग्रामीण ने सिर्फ एक डंडे से तेंदुए को भगा दिया और अपनी बकरी को बचा लाया। हालांकि ग्रामीण और बकरी दोनों ही गंभीर घायल हो गए।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा आफिस - एआरएमबी, लखनऊ
निकट कपूरथला चौराहा, अलीगंज, लखनऊ-226024
मो. नं. 7060027344 ईमेल: cs8272@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी प्रक्रिया से 'विक्रीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत चल प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से 'वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत चल प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से प्रतिभूत लेनदार/ऋणदाताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पास में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नेशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई-नीलामी **'जहां है जैसा है', 'जहां है जो है' और 'जो भी है'** के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अतिभार ज्ञात नहीं) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं / बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु अचल सम्पत्ति का विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/ जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण कब्जा/सम्पत्ति मालिक का नाम (संबंध सम्पत्ति/यां) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व पूर्व हितधारी सहित) | अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 ब)कब्जा सूचि स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 द)कब्जा का प्रकार-रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा | अ)आरक्षित मूल्य ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि) स) वृद्धिराशि बिड धनराशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : खाता नं. 827200317118A आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0827200 नोडल अधिकारी - श्री ए. पी. मिश्रा, मुख्य प्रबन्धक, एआरएमबी, लखनऊ, मो. +91 7060027344 | | | | |
| 1 | शाखा : एआरएमबी लखनऊ(146800-लखनऊ चारबाग) खाता का नाम-नेस्तर्स यशवी इन्फ्रोटेक (146800670000119B) उधारकर्ता-नेस्तर्स यशवी इन्फ्रोटेक, प्रोपराईटर/ संचककर्ता-श्रीमती रमिता महाजन पत्नी श्री कमल कुमार महाजन पता 1. मकान नं. 177-बी सेक्टर बी, हिंद नगर कॉलोनी, कानपुर रोड योजना लखनऊ 226012 पता 2. दुकान नं. 21 प्रथम तल स्तंभ फ्लाजा आर्य नगर रोड नाका हिंडोला लखनऊ 226004. जमानतकर्ता / बंधककर्ता-श्री कमल कुमार महाजन पुत्र व श्री देव राज पता 1. मकान नं. 177-बी सेक्टर बी, हिंद नगर कॉलोनी, कानपुर रोड योजना लखनऊ 226012 2. दुकान नं. 2,12,13. स्तंभ फ्लाजा आर्य नगर रोड नाका हिंडोला लखनऊ - 226004 | दुकान संख्या 21, प्रथम तल, बिल्डिंग संख्या 147, 148 स्तंभ फ्लाजा, आर्य नगर रोड, नाका हिंडोला लखनऊ चौहदी श्रीमती रमिता महाजन और श्री कमल कुमार महाजन के नाम पर है। डीकजन 6.60 वर्ग मीटर चौहदी: पूर्व गुरुद्वारा, पश्चिम-गैलरी उत्तर: दुकान एकदम 1, दक्षिण: सीढ़ी एवं शटर, | अ) 18.09.2024 ब)रू. 52,89,154.08 (दिनांक 30-04-2026 को ब्याज एवं अन्य खर्च, घटाओं वसूली यदि कोई हो, तो, दिनांक 01-05-2026 से प्रभावी) स) 05.12.2024 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 10,42,000/- ब)रू. 1,04,200/- 08.06.2026 पूर्वान्ह 10.59 बजे तक स)रू. 10,000/- | 08.06.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे | कोई अधिभार ज्ञात नही |
| 2 | शाखा एआरएमबी, लखनऊ(सूत्र शाखा एनएम मार्केट बाराबंकी) खाता- मेसर्स अति चपल इंटरप्राइजेस, उधारकर्ता-मेसर्स अति चपल इंटरप्राइजेस, प्रो. सुश्री रेनू श्रीवास्तव पत्नी श्री विमोर श्रीवास्तव, गाटा संख्या 6 पल्सरी ग्राम ककरौरिया बाराबंकी 225001. प्रोपराईटर/ संचककर्ता- सुश्री रेनू श्रीवास्तव पत्नी श्री विमोर श्रीवास्तव, हनुमंत नगर, ककरौरिया पल्सरी बाराबंकी जमानतकर्ता-1. श्री विमोर श्रीवास्तव पुत्र श्री हरिनंदन दोनों निवासी हनुमंत नगर, ककरौरिया पल्सरी बाराबंकी 225001, 2. श्री रामेश्वर प्रताप सिंह पुत्र श्री सुरेश पाल सिंह, निवासी बी-762 पुराना टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे, नवाबगंज बाराबंकी 225001 | सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति खसरा संख्या 6, ग्राम पल्सरी, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी 225001. क्षेत्रफल 113.60 वर्ग मीटर, चौहदी सुश्री रेनू श्रीवास्तव, पुत्री स्व0 राजकुंवर श्रीवास्तव के नाम पर है, चौहदी- उत्तर- प्लॉट, श्री विमोर श्रीवास्तव, दक्षिण- प्लॉट, सुश्री शालीन अख्तर, पूर्व -अन्य की भूमि, पश्चिम -सड़क, 20 फीट, | अ)04.01.2025 ब) 10.01.2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित (दिनांक 30-04-2026) को ब्याज एवं अन्य खर्चे, घटाओं वसूली यदि कोई हो तो, दिनांक 01.05.2026 से प्रभावी) स)18.09.2025 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 47,60,000/- ब)रू 4,76,600/- 08.06.2026 पूर्वान्ह 10.59 बजे तक स)रू. 10,000.00 | 08.06.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक | कोई अधिभार ज्ञात नही |
| 3 | शाखा : एआरएमबी लखनऊ(सूत्र शाखा पीपरीएज विजिबेल) खाता का नाम- श्री अनुज गुप्ता एवं श्री मनीष गुप्ता उधारकर्ता एवं बंधककर्ता- श्री अनुज गुप्ता पुत्र श्री मोहन लाल एवं श्री मनीष गुप्ता पुत्र श्री मोहन लाल | सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित मकान नं. 543/551, स्थित खसरा नं. 45 का भाग, शेखपुर हवीपुर, सादतगंज, लखनऊ। कै. 66.75 वर्गमी. चौहदि श्री अनुज गुप्ता एवं श्री मनीष गुप्ता दोनों पुत्र श्री मोहन लाल के नाम है। विवरण के अनुसार चौहदी — उत्तर–10 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण–तबस्सुम का मकान, पूरब–आरजी विक्रेता, पश्चिम– आरजी विक्रेता, | अ) 31.08.2021 ब)रू. 36,21,434.28 दिनांक 30-04-2026 तक + ब्याज दि 01.05.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे वसूली घटाकर यदि कोई हो तो स) 10.12.2021 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 22,72,100.00 ब)रू. 2,27,210.00 08.06.2026 पूर्वान्ह 10.59 बजे तक स)रू. 10,000/- | 08.06.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे | कोई अधिभार ज्ञात नही |
| 4 | शाखा : एआरएमबी लखनऊ, (सूत्र शाखा निसातगंज लखनऊ (026200) खाता का नाम- नीरज स्वरूप मित्तल एवं अनिता मित्तल उधारकर्ता/ बंधककर्ता-श्री नीरज स्वरूप मित्तल एवं श्री अनिता मित्तल दोनों निवासी 1. 433/1118/001, सी -लाक, राम नगर, कैम्पबेल रोड, बालागंज, लखनऊ- 226003 2. प्लाट नं. 4 एम ई, राम नगर, गढ़ी पीर खान, लखनऊ- 226003 | सभी भाग एवं हिस्सों सहित फ्लैट नंबर-4 एवं 5 के भाग पर निर्मित एक मकान, खसरा संख्या -679, 681, 682, 681/2, 766, 767, 768, 774, 775, 776 का भाग, स्थित मोहल्ला राम नगर, वार्ड गढ़ी पीर खान, जिला लखनऊ, कै. 56.550 वर्गमीटर चौहदि श्री नीरज स्वरूप मित्तल एवं अनिता मित्तल दोनों पुत्र स्वर्गीय कुन्ज स्वरूप मित्तल के नाम है। चौहदी-उत्तर- शाहिद खान का मकान, दक्षिण- 20 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व- फैसल अब्दुल कय्यूम का मकान, पश्चिम-डॉक्टर जावेद खान का मकान। | अ) 18.10.2021 ब)रू. 31,11,248.93 दिनांक 30-04-2026 तक + ब्याज दि 01.05.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे वसूली घटाकर यदि कोई हो तो स) 04.01.2022 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 22,05,000/- ब)रू. 2,20,500/- 08.06.2026 पूर्वान्ह 10.59 बजे तक स)रू. 10,000/- | 08.06.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक | कोई अधिभार ज्ञात नही |

नियम एवं शर्तें- बिक्री नियोपेय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तों की पुष्टिकरण के अधीन होगी।
1 सम्पत्ति(यों) की बिक्री 'जहां है जैसा है', 'जैसा है वैसा है', और 'जो भी हो' के आधार पर की जाएगी। 2. अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्विभार जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाइट https://baanknet.com पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

बिक्री सूचना सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।

दिनांक 22.05.2026, स्थान लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार

## यूट्यूब देख बनाया अवैध टेलीफोन एक्सचेंज, तीन बंदी

**मेरठ।** मेरठ स्वाट टीम ने कोतवाली में चलाए जा रहे अवैध टेलीकॉम एक्सचेंज और फर्जी लोन का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की है। आरोपियों ने यू-ट्यूब से सिम बॉक्स सेटअप करना सीखा था और इसके बाद अवैध टेलीफोन एक्सचेंज शुरू कर दिया। गैंग को बीसौद पास नासिर, 10वीं पास समीर और डिलीवरी ब्वॉय प्रशांत मिलकर चला रहे थे। इन नंबरों का इस्तेमाल साइबर ठगी में भी की जा रही थी। मुख्य आरोपी नासिर के खाते में मौजूद 1.32 करोड़ की रकम भी पुलिस ने ब्लॉक कराई है। इस आरोपियों को बिटकॉइन में भुगतान मिल रहा था।

## सचेंडी भी बना 'जामताड़ा', आठ दबोचे



**08** बैंपास सरगना पांच साल से खेत व खंडहर में बैठकर लोगों को ठग रहा था

- सीबीआई अफसर बन चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखने की बात कहकर डरवाते थे

**कानपुर, संवाददाता।** घाटमपुर के रेउना गांव के बाद अब सचेंडी में 'जामताड़ा' की तरह ठगी करने वाले गिरोह के आठ लोगों को गुरुवार को पकड़ा गया है। खेत-खंडहर या ट्यूबवेल के पास बैठकर लोगों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखने के नाम पर सीबीआई का भय दिखाते थे।

खुद को सीबीआई का अफसर बताकर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर रुपये ट्रांसफर करा लेते थे। यूपी समेत चार राज्यों की 22 मामलों पहुंचने के बाद क्राइम ब्रांच और सचेंडी पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) की मदद से इन्हें दबोचा है। इनका सरगना आठवीं पास है, जबकि बाकी आरोपी 10वीं या 12वीं पास हैं। पुलिस को आशंका है कि करीब पांच साल से सक्रिय गिरोह में आसपास के और भी लोग शामिल हैं। अभी तक करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की बात सामने आ रही है।

डीसीपी पश्चिम एसएन कासिम आबिदी ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर कुछ मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट के खिलाफ मिल रहीं शिकायतों और प्रतिबिंब पोर्टल पर बन रहे हॉटस्पॉट के आधार पर साइबर क्राइम और सचेंडी पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग-अलग गांवों से इन्हें गिरफ्तार किया है।

इनके पास से पांच मोबाइल, दो चेकबुक, दो पासबुक और दो डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं। गैंग सरगना आठवीं पास रामजी उर्फ आर्यन है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह सीबीआई और पुलिस के अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करते थे। लोगों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखने की बात कहकर झांसे में लेते थे। साथ ही उन पर कहकर डराते थे। पीड़ित को झांसे में लेने के बाद आरोपित मामला रफा-दफा करने के नाम पर उनसे रुपये लेते थे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है।

उत्तर रेलवे

खुली ई निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के ओर से रेलवे मंडल यांत्रिक अभियंता/डी